दैनिक

प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 150 मुरादाबाद 25 September 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## केवल एक लाइन का 'सबक' देकर पूरी दुनिया में चर्चा का केंद्र बने पीएम मोदी, अब 'शांतिदूत' की भूमिका निभाने की मांग



नई दिल्ली, ऑनलाइन डेस्क। बीते दिनों उज्बेकिस्तान के शहर समरकंद में शंघाई सहयोग संगठन ( एससीओ ) के शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से द्विपक्षीय बातचीत की थी। इस बातचीत के कुछ अंश मीडिया में भी जारी किए गए थे। इस वार्ता में प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन को वैश्विक चिंताओं से अवगत कराते हुए यूक्रेन के साथ जारी लड़ाई को खत्म करने की अपील की थी। साथ ही कहा था कि यह युद्ध का युग नहीं है। इस बयान के बाद पीएम मोदी पूरी दुनिया में चर्चा का केंद्र में आ गए हैं। जानें कैसे बदला है भारत के प्रति दुनिया का नजरिया.

### यूक्रेन में शांति के लिए बड़ी भूमिका की मांग

मौजूदा वक्त में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में दुनिया के नुमाइंदों की चर्चाएं सुर्खियों के केंद्र में हैं। गाहे-बगाहे इन चर्चाओं में भारत के शीर्ष नेतृत्व की ओर से दिया गया बयान भी जोर पकड़ लेता है। ताजा मामला मेक्सिको की ओर से रखे गए एक प्रस्ताव का है जिसमें कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र युद्धरत रूस और यूक्रेन नेताओं से वार्ता के लिए समिति गठित करे। मैक्सिको ने यह भी कहा है कि इस समिति में भारत के प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी, पोप फ्रांसिस और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस को शामिल किया जाना चाहिए।

### शांति के लिए प्रस्ताव का क्रियान्वयन जरूरी

दरअसल, मेक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुएल लापेज ओब्रैडोर का मानना है कि रूस और यूक्रेन के बीच जो स्थितियां बन गई हैं उनमें शांति स्थापित करना बड़ी चुनौती है। इसके लिए सबसे ज्यादा प्रभावशाली उपाय किए जाने की जरूरत है। इसके लिए उक्त प्रस्ताव का क्रियान्वयन जरूरी है।

### पीएम मोदी की मुरीद हुई दुनिया

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को शांति का संदेश देने वाले पीएम मोदी की दिलेरी की तारीफ पूरी दुनिया में हो रही है। अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन समेत कई पश्चिमी मुल्कों ने प्रधानमंत्री मोदी के उक्त बयान का स्वागत किया है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और सहायक रक्षा मंत्री डा. एली रैटनर ने पीएम मोदी के बयान का स्वागत किया है।

### अजरबैजान ने भी भारत पर जताया था विश्वास

हाल ही में दुनिया के एक अन्य मोर्चे पर टकराव के आसार नजर आने लगे थे। हालांकि वैश्विक पहलकदमी के बाद गतिरोध फिलहाल शांत है। हाल ही में अजरबैजान ने कहा था कि वह आर्मेनिया के साथ बातचीत करके स्थाई समाधान के लिए तैयार है लेकिन शर्त केवल इतनी है कि यदि भारत इस क्षेत्र में स्थिरता लाने के लिए कोई प्रस्ताव लेकर आए तब यह संभव है।

### यूक्रेन के पीएम ने भी गतिरोध खत्म कराने में मांगी मदद

एक ओर भारत का पड़ोसी मुल्क चीन की भूमिका को लेकर दुनिया आशंकित है तो दूसरी ओर भारत की शांति की पहलकदमी और वसुधैव कुटुंबकम के बयान का स्वागत किया जा रहा है। दुनिया नेताओं ने मोदी के बयान को मौजूदा वक्त में न्यायोचित बताया है। न्यूयार्क में यूक्रेन के प्रधानमंत्री डेनीज शमीहाल ने भी भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की और परमाणु संयंत्र को लेकर बने गतिरोध को दूर करने के लिए भारत की मदद मांगी। मार्च से ही यूक्रेन के इस संयंत्र पर रूसी सेना का कब्जा है।

### वसुधैव कुटुंबकम की भावना का हो रहा स्वागत

पीएम मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत में वसुधैव कुटुंबकम की भावना का इजहार करते हुए पूरी दुनिया में गहरा रहे आर्थिक संकट की ओर इशारा किया था। पीएम मोदी ने कहा था कि यूक्रेन युद्ध की वजह से विकासशील देशों के समक्ष खाद्य और ऊर्जा संकट के बादल मंडराने लगे हैं। पीएम मोदी ने पुतिन से इस दिशा में कदम उठाने की अपील की थी। पीएम मोदी की यह अपील जैसे ही वायरल हुई पूरी दुनिया ने इस पहलकदमी को खूब सराहा.

## अखिलेश ने की किसानों को तुरंत मुआवजा देने की मांग, बोले- अब क्या चाहिए सबूत, बारिश ने तो CM का भी प्रोग्राम करा दिया कैंसिल



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने यूपी के कई हिस्सों में पिछले चार दिन से हो रही भारी बारिश के चलते किसानों को हुए नुकसान की तुरंत भरपाई की मांग की है। अखिलेश ने एक ट्वीट के जरिए यह मांग उठाते हुए कहा कि किसानों को मुआवजा देने के लिए सरकार को अब किस प्रमाण का इंतजार है जबकि भारी बारिश के चलते खुद सीएम का प्रोग्राम रद्द हो गया। गौरतलब है कि दो दिन पहले बारिश के चलते सीएम का मथुरा का कार्यक्रम रद्द करना पड़ा था। अपने ट्वीट में अखिलेश यादव ने लिखा- उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश से या कुछ हिस्सों में सूखा पड़ने से जो भारी नुक़सान किसानों को हुआ है, उसके लिए सरकार तुरंत मुआवज़ा घोषित करे। विधानसभा में एक विधायक मोबाइल गेम खेलते दूसरे पान मसाला खाते दिखे, सपा ने वीडियो ट्वीट कर बीजेपी पर साधा निशाना जब मुख्यमंत्री जी का अपना ही कार्यक्रम भारी वर्षा की वजह से रद्द हो गया तो उन्हें राहत देने के लिए और किस प्रमाण की प्रतीक्षा है।% इस बार की बारिश में सबसे अधिक नुकसान धान को ही बताया जा रहा है। खेतों में भरा पानी देखकर किसान के आंसू निकल रहे हैं।

### 16 जिलों में 25 मिमी से अधिक बारिश

उत्?तर प्रदेश के 16 जिलों में 22 सितम्बर से 23 सितम्बर के बीच 24 घंटे में 25 मिमी से अधिक बारिश का रिकॉर्ड दर्ज किया गया है। प्रदेश के 46 जिलों में पीएसी की 17 कंपनियों की 44 टीमों को भी तैनात किया गया है। मालूम हो कि वर्तमान में प्रदेश के 44 जिलों में कुल 67 टीमें बचाव कार्य के लिए पहले से तैनात की जा चुकी हैं। बारिश से मध्य और पश्चिम यूपी, बुंदेलखंड में तबाही मची हुई है। प्रदेश के कई हिस्सों में खेत जलमग्न हो गए हैं। इसकी वजह से फसलों को खासा नुकसान हुआ है। नदियां-नहरें जलमग्न हैं। किसानों ने सबसे ज्यादा नुकसान धान की फसल को बताया है।

## यूपी के किसानों को लेकर योगी का बड़ा संदेश, युवाओं की बीमारी पर भी सीएम ने जताई चिंता

भारत को कृषि प्रधान देश माना जाता रहा है। इसकी अर्थव्यवस्था का आधार गोवंश रहा है। आधुनिक तकनीक आने से पहले भारत के खेती-किसानी के पुराने अध्ययन को देखेंगे तो पता चलेगा कि किसान अतीत में धरती से बड़ा उत्पादन लेता रहा है। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। वे शनिवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्य स्तरीय गौ आधारित प्राकृतिक खेती कार्यशाला-2022 को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि यह कार्यक्रम भारत की आस्था को बचाने और



धरती मां को वास्तविक स्वरूप में रखने का अभियान है। उन्होंने आगे कहा, यूरोप में जब औद्योगिक क्रांति आई और देश गुलामी की तरफ गया तो भारत की परंपरागत खेती-किसानी, आस्था पर प्रहार होने लगा, वहीं से पराभव भी शुरू हुआ। आजादी के बाद हरित क्रांति के जरिए हमने खाद्यान्न में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त किया, लेकिन इस खेती में प्रयुक्त होने वाले जहरीले रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के दुष्परिणामों से भी बच नहीं पाए। इसके अलावा सीएम योगी ने किसानों को लेकर भी बड़ा संदेश दिया। सीएम ने अपने जनता दर्शन की चर्चा की। प्रदेश ने भी इस कार्यक्रम से खुद को जोड़ा। प्रदेश सरकार ने बुंदेलखंड के 7 जनपदों में 47 विकास खंड और 11,750 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 235 कलस्टर बनाकर गो आधारित प्राकृतिक खेती के लिए बजट के प्रावधान के साथ अनुदान की व्यवस्था प्रारंभ की।

# खेतों में पानी भर जाने एक फ़सल पूरी तरह बर्बाद

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-जिले में बुधवार से हो रही बारिश से खरीफ फसलों के साथ सब्जी वाली सभी फसलों को नुकसान हुआ है। साथ ही जिन किसानों ने खेतों में आलू और सरसों की बुबाई कर दी थी। वह भी खेतों में पानी भर जाने से पूरी तरह बर्बाद हो गई है। जनपद में औसत बारिश 97.3 एमएम रिकार्ड की गई। जनपद की तीनों तहसीलों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार गुरुवार सुबह नौ बजे से अगले दिन शुक्रवार नौ बजे तक सदर तहसील क्षेत्र में कुल 171 एमएम बारिश हुई है। जलेसर तहसील क्षेत्र में 90 एमएम एवं अलीगंज में कुल 31 एमएम बारिश हुई है। सबसे अधिक बारिश सदर तहसील क्षेत्र में होने से क्षेत्रीय किसानों का सर्वाधिक नुकसान हुआ है। मूसलाधार बारिश के साथ तेज हवाएं चलने से धान, मक्का एवं बाजरा की फसल खेतों में गिर गईं। जलेसर क्षेत्र में सर्वाधिक नुकसान धान, मक्का के साथ बाजरा को हुआ है। खेतों में बीते तीन दिन से पानी भरा खडा है। मक्का की फसल गिरने से सड़ने लगी है। अलीगंज क्षेत्र में धान, मक्का से अधिक गोभी की फसल को नुकसान हुआ है। वही जिन किसानों ने अगोती सरसों और आलू की फसल बोदी थी। वह भी खेतों में पानी भरने से पूरी तरह बर्बाद नष्ट हो चुकी है। चार बीघा खेत में सप्ताह भर पहले आलू की बुबाई कर दी थी, जिसकी लागत 40 हजार रुपये आई थी। बीज में किल्ला निकलने ही वाला था कि बारिश से खेतों में पानी भर गया। धूप निकलते ही आलू का बीज जमीन में सड़कर खत्म हो जाएगा। राजकिशोर, गांव अमरौली अलीगंज- गोभी की फसल को सिंचाई की बेहद कम जरुरत होती है। मात्रा से अधिक पानी मिलने के कारण गोभी की फसल नष्ट होने की कगार पर है। इसी प्रकार पानी दो दिन और पड गया तो गोभी पूरी तरह नष्ट हो जाएगी। सुखवीर सिंह, अगोनापुर, अलीगंज जो पका हुआ धान मूसलाधार बारिश और तेज हवाओं से खेतों में गिर गया है। वह तो पूरी तरह बर्बाद हो चुका है। अब उसे चूहे खा जाएगे। इसके अलावा उसकी बाल फफूंद जाएगी और धान की बाल भी खाली रह जाएगी। रामदास, गांव पहराईया, अलीगंज। बारिश से बाजरा खेत में गिर गया है। मिट्टी लगते ही बाजरा की फसल सड़ना शुरु हो जाती है। गिरी फसल को बचाना मुश्किल है। क्षेत्र में सैकडों बीघा किसानों का सर्वाधिक धान और बाजरा बर्बाद हुआ है। गेंदालाल, अमरोली, अलीगंज। जनपद में धान एवं बाजरा की फसल को सदर और जलेसर क्षेत्र में अधिक नुकसान होने की संभावना है। बारिश बंद होने के बाद ही इसका आंकलन कराया जा सकेगा। अभी कुछ कहा नहीं जा सकता है कि फसलों में कितना नुकसान हुआ है। रोहिताश कुमार, उप कृषि निदेशक एटा।

# बारिश के कारण महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी का कार्यक्रम हुआ निरस्त

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा के कस्बा राजा का रामपुर में भारी बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव हुआ। जलभराव और लगातार हो रही बारिश के कारण राज्यपाल भगवत सिंह कोश्यारी का कार्यक्रम निरस्त हो गया है। ज्ञात हो,- राजा का रामपुर में 24 सितंबर को महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी कस्बा राजा का रामपुर में क्रांतिकारी शहीद महावीर सिंह राठौर की प्रतिमा का लोकार्पण करने को आने को थे। राजा का रामपुर से है राज्यपाल का जुड़ाव महाराष्ट्र के राज्यपाल का कस्बा राजा का रामपुर से जुड़ाव है। इसी के चलते उनका कार्यक्रम तय हो चुका था। दरअसल, कस्बा स्थित आरबीएल इंटर कॉलेज में राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी प्रवक्ता के रूप में वह 1962 से 1964 तक सेवाएं दे चुके हैं।

# मेडिकल कालेज में डिजीटल एक्सरे मशीन कक्ष में बारिश का पानी आने की वजह से बंद कराई

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-दो दिन से हो रही बारिश का असर स्वास्थ्य सेवाओं पर भी देखने को मिल रहा है। बारिश के दौरान डिजीटल एक्सरे कक्ष में पानी टपकने के कारण मशीन बंद कराई। मरीजों के लिए एक्सरे की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए पुरानी मशीन संचालित कराई गई। सीएमएस डा. राजेश अग्रवाल ने बताया कि डिजिटल एक्सरे मशीन काम कर रही है। उसके बंद होने संबंधी कोई जानकारी उनके पास नहीं है। मेडिकल कालेज में डिजीटल एक्सरे मशीन कक्ष में बारिश का पानी आने की वजह से बंद कराई गई है। पानी आने से मशीन के खराब होने की आशंका थी। जिसके लिए एक्सरे की वैकल्पिक व्यवस्था कराई गई है। लीकेज ठीक होते ही डिजिटल एक्सरे की सुविधा शुरू होगी।-डॉ. विवेक पाराशर, मीडिया प्रभारी, मेडिकल कालेज, एटा।

# महिला थाने ड्यूटी करने जा रही पीआरडी महिला को केंटर सवार 2 लोगो ने महिला के साथ की छेड़छाड़

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-महिला थाने ड्यूटी करने जा रही पीआरडी महिला को केंटर सवार 2 लोगो ने महिला के साथ की छेड़छाड़,महिला थाने में तैनात पीड़िता पीआरडी जवान महिला आई थी अपनी ड्यूटी करने, वाहन ना मिलने पर वो केंटर में हो गई थी सवार, तभी 2 मनचलों ने पीआरडी महिला के साथ की थी अभद्रता के बाद छेड़छाड़, महिला के चिल्लाने पर राहगीरों ने केंटर गाड़ी का पीछा कर लोगों ने नगला गलुआ गाँव पर रुकवाई केंटर, दोनों आरोपियों को पकड़कर लोगों ने जमकर की पिटाई,पुलिस को सौंपा, पीड़िता महिला आरोपियों के खिलाफ मुक़दम्मा दर्ज कराकर,कर रही है न्याय की मांग, थाना अवागढ़ क्षेत्र के नगला गलुआ वसुंधरा का मामला।

# टाटा सोलर लाइन बदहाल

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - तहसील जमुनहा के अंतर्गत ग्राम गनेश पुर दा0 शिकारी चौड़ा में टाटा कम्पनी द्वारा सोलर लाइट का प्लांट लगा हुआ है जिससे बीरगंज बाजार में व तहसील में सप्लाई दिया गया है । कंपनी के कर्मचारी द्वारा प्रतिमाह हजार रुपये लेकर लाइट दे रहे है , तथा कर्मचारियों के लापरवाही व धन उगाही के चलते लाइट की सप्लाई बराबर नही दी जा रही है । जो पूरे दिन में लगभग 2 घण्टे से अधिक लाइट नही दे रहे है जिससे उपभोक्ताओं में रोष ब्याप्त है , अधिकतर उपभोक्ता सोलर लाइट कटाना चाहते है । इस सम्बंध में कर्मचारियों से बात करना चाहा तो आश्वासन दिया गया कि लाइट की सुधार किया जाएगा लेकिन अभी तक कोई सुधार नही हुआ है जिलाधिकारी श्रावस्ती से सोलर प्लांट की जाँच करा कर व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग किया है ।

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# बिजली आपूर्ति ठप होने की वजह से परेशान रहे शहरवासी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-शहर के करीब डेढ़ लाख लोग लगातार 17 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप होने की वजह से परेशान रहे। लगातार बिजली कटौती की वजह से पेयजल सप्लाई तक नहीं हो पाई। सक्षम लोगों ने किराए पर जनरेटर मंगाकर अपना काम चलाया। बिजली-पानी की आपूर्ति ठप होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। गुरुवार की रात को बारिश शुरू हो गई। बारिश शुरू होने के आधा घंटे बाद तेज बिजली कड़कने के साथ ही शहर भर की बिजली गुल हो गई। साढ़े 12 बजे के बाद पूरा शहर अंधेरे में डूब गया। रात तो लोगों जैसे-तैसे काट ली लेकिन सुबह पेयजल आपूर्ति न होने से लोगों और भी परेशानी का सामना करना पड़ा। पानी टंकियों में थोड़ा बहुत पानी था उससे सुबह थोड़ी देर के लिए काम चल गया,उसके बाद लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। सुबह 11 बजे तक बिजली नहीं आई तो कुछ लोगों ने जनरेटर मंगाकर पानी भर लिया। बिजली न आने की वजह से लोगों को गर्मी का भी सामना करना पड़ा। आपूर्ति शुरू कराने के लिए कुछ लोग तो बिजलीघर ही पहुंच गए। बता दें कि शहर में प्रमुख पांच बिजलीघर हैं। सिर्फ कोतवाली देहात बिजली घर ही सही चला है। शेष शहर की आपूर्ति पूरी तरह से बंद रही। लोगों को याद आए ह

"डंपप बिजली आपूर्ति ठप होने से घरों में पानी तक नहीं आया। नगरपालिका की आपूर्ति भी नहीं आई। ऐसे में लोगों को हैंडपंपों की याद आई। हैंडपंपों पर भीड़ नजर आई। जिन स्थानों पर हैंडपंप खराब थे उन लोगों ने आरओ प्लांटों पर पहुंचकर पानी खरीदा। 25 लाख रुपये का नुकसान हुआ बिजली निगम एटा। शहर के चार बिजली घरों में आई खराबी के कारण करीब 25 लाख रुपये का नुकसान हो गया। 20 रुपये की लागत के दो ट्रांसफार्मर खराब हो गए। इसमें 50 से अधिक इंसुलेटर खराब हो गए। सबसे अधिक समय इंसुलेटरों को चेक करने में लगा। इसके लिए खंभों पर जांच की गई। बिजली को सही करने के लिए 40 कर्मचारी लगाए गए थे। बिजली ना होने से एक करोड़ का कारोबार प्रभावित- एटा। बिजली ना आने से एक करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार प्रभावित हो गया। सराफा कारोबारी अमर महाजन ने बताया कि दिन भर कोई काम नहीं हो सका है। अकेले बाबूगंज में ही 30 से अधिक सराफा की दुकानें हैं। अमित सर्राफ ने बताया कि घंटाघर पर व्यापारी पूरे दिन खाली बैठे रहे। सभी दुकानों पर इलेक्ट्रानिक कांटे है लेकिन बैटरी लो होने की वजह से बिक्री भी नहीं हो सकी। बिजली विभाग के अधिकारियों को कई बार फोन किए गए, लेकिन कोई संतोष जनक जबाव नहीं दिया ।

# आपसी विवाद के प्रकरणों में दोनों पक्षों को सुन मौके पर पहुंचकर सत्यता के आधार पर निस्तारण करें-डीएम



मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, डीआईजी पुलिस श्री शलभ माथुर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री हेमंत कुटियाल ने आज संयुक्त रुप से थाना बिलारी में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर शिकायतों को सुना और शिकायतों को संबंधितों को निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस में शिकायतें सुनने के साथ ही थाने के अभिलेख एवं रजिस्टरों को भी चैक किया तथा जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थाना समाधान दिवस में आई शिकायतों की जानकारी प्राप्त करते हुए निस्तारण की गयीं शिकायतों के संबंध में आवश्यक जानकारी ली तथा एक शिकायतकर्ता से फोन से बात कर शिकायत निस्तारण का फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि राजस्व सबंधी शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस का सहयोग अवश्य लिया जाये और पूरी निष्पक्षता एवं ईमानदारी के साथ शिकायतों का निदान किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि आपसी विवाद के प्रकरणों में दोनों पक्षों को सुनने के बाद ही एस0एच0ओ0, नायब तहसीलदार, लेखपाल आदि मौके पर पहुंचकर सत्यता के आधार पर शिकायत का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रयास करें कि थाना दिवस के दिन ही शिकायत का निस्तारण किया जाये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि लडाई झगडे के पेन्डिग प्रकरणों को तत्काल निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें तथा छोटी से छोटी शिकायत को भी हल्के में न ले व प्राथमिकता से लेते हुए त्वरित व समयबद्ध निस्तारण करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी राजबहादुर, पुलिस क्षेत्राधिकारी बिलारी, तहसीलदार बिलारी, थानाध्यक्ष आदि उपस्थित रहें।

# कृत्रिम उपकरण वितरण एवं चिन्हाकंन शिविर का आयोजन सम्पन्न




मुरादाबाद -मा0 प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखबाडा कार्यक्रम के अन्र्तगत विकास खण्ड मुरादाबाद के परिसर में उपकरण वितरण एवं चिन्हाकंन शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि श्री सुरेन्द्र नागर मा0 प्रदेश उपाध्यक्ष /जिला प्रभारी / सदस्य राज्यसभा श्री सतपाल सैनी प्रदेश उपाध्यक्ष, रितेश कुमार गुप्ता नगर विधायक के कर कमलो द्वारा मो0 अनवर पुत्र मो0 अली, श्रीमती रजनी पत्नी श्री चन्द्रपाल, सोमपाल पुत्र श्री शिवचरन एवं जगत सिंह पुत्र श्री अशोक कुमार आदि की व्हीलचेयर एवं 10 दिव्यांगजनों को वैसाखी एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अन्र्तगत श्रीमती निधि अग्रवाल, श्रीमती कुसुम, श्रीमती सुमन सिंह, श्रीमती रितु महरोत्रा, श्रीमती जगवती इत्यादि कुल 16 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्रों का वितरण किया गया। कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजनान्र्तगत 38 ट्राईसाइकिल, 08 व्हीलचेयर, 04 कान मशीन, 08 कैलीपर्स एवं 04 कृत्रिम हाथ इत्यादि का चिन्हाकंन किया गया। इस अवसर पर हरिओम शर्मा क्षेत्रीय महामंत्री, श्री राजपाल सिंह चैहान जिलाअध्यक्ष, श्री विजयभान सिंह चेयरमैन जिला सहकारी बैंक, श्री राजेश कुमार सिंह चुन्नू पूर्व विधायक कांठ, श्री अजय प्रताप सिंह विधान सभा प्रत्याशी ठाकुरद्वारा, कमल कुमार प्रजापति विधान सभा प्रत्याशी कुन्दरकी, श्री परमेश्वर लाल सैनी विधान सभा प्रत्याशी बिलारी, श्री मनीष सिंह ब्लाक प्रमुख मुरादाबाद, श्री हरज्ञान सिंह महामंत्री, श्री श्याम बिहारी शर्मा जिला महामंत्री आदि की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। शिविर को सफल बनाने में श्रीमती प्रज्ञा यादव खण्ड विकास अधिकारी मुरादाबाद एवं मो0 मुश्ताक अहमद जिला समाज कल्याण अधिकारी/प्रभारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

# बॉलीवुड की फिल्म का विरोध कर अभिनेता का पुतला जलाया

मुरादाबाद -मुरादाबाद के बिलारी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा पश्चिमी के अध्यक्ष आनंद कुमार जौहरी के निर्देश पर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष मशहूर कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद बॉलीवुड फिल्म थैंक्स गॉड के विरोध में अभिनेता अजय देवगन का पुतला जलाकर केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर से इस प्रकार की फिल्मों को रिलीज होने पर रोक लगाने की मांग की गई। महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि फिल्म के ट्रेलर में हिंदू समाज के देवता और कायस्थ समाज के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त पर की गई। अश्लील दृश्य और टिप्पणियों पर विरोध जताया गया। संगठन के सभी कार्यकर्ता नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क से पैदल मार्च करते हुए एसडीएम कार्यालय पर पहुंचे और एक ज्ञापन केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर के नाम एसडीएम राजबहादुर सिंह को दिया और मांग की गई कि हिंदू समाज पर कुठाराघात करने वाली ऐसी फिल्मों को प्रदर्शित होने से केंद्र सरकार और फिल्म सेंसर बोर्ड को रोक लगानी चाहिए। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष कुलदीप कुमार सक्सेना, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा युवा के नगर अध्यक्ष राजीव सक्सेना, विशाल सक्सेना, संजय सक्सेना, आशीष भटनागर, प्रदीप वर्मा, अमित मोहन सक्सेना, रघुनाथ शरण सक्सेना, रचित माथुर आदि रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# कुल शरीफ में मांगी तरक्की और खुशहाली की दुआ

मुरादाबाद -मुरादाबाद में कुन्दरकी के मोहल्ला नुरूल्ला में पैठ बाज़ार रोड स्थित मशहूर दरगाह हज़रत सूफ़ी ख़्वाजा अल्लाह बख़्श रहमतुल्लाह अलैह का 60वां उर्स मुबारक ए पाक अकीदत और एतराम के साथ कुल शरीफ के बाद सम्पन्न हुआ। दरगाह पर उर्स के मौके पर कुल शरीफ का प्रोग्राम हुआ। आखीर में सलातो सलाम पढ़ कर तबर्रुक तक़सीम किया गया और दरगाह के सज्जादानशीन मौहम्मद हाशिम मियां साबरी चिश्ती ने मुल्क और कौम के लिये दुआ भी की। सैय्यद आकिल जमाली चिश्ती साबरी गद्दीनशीन अजमेर शरीफ, शाह मोहम्मद महताब आलम कुद्दीसी साबरी, सज्जादा नशीन गंगोह शरीफ, हज़रत मोहम्मद मख़्दूम मियां चिश्ती साबरी नायब सज्जादा नशीन गंगोह शरीफ, गामा साबरी आदि रहे।

# सफाई और टैक्स में पारदर्शिता के मुद्दे पर चुनाव लड़ेगी आप

मुरादाबाद -प्रदेश में आगामी निकाय चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने भी बिगुल फूंक दिया है। मुरादाबाद पहुंचे आप के सांसद संजय सिंह का कहना है उनकी पार्टी शहर में सफाई और टैक्स निर्धारण में पारदर्शिता जैसे गंभीर मुद्दों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि ज्यादातर निकायों में भ्रष्टाचार चरम पर है और बुनियादी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आप के सांसद एवं प्रदेश प्रभारी संजय सिंह शनिवार को मुरादाबाद के सर्किट हादस में पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे और चुनाव लड़ने की व्यापक रणनीति बनाई। मीडिया से बातचीत में संजय सिंह ने शहर की साफ-सफाई, सफाई कर्मियों की भर्ती, हाउस टैक्स निर्धारण आदि में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाया। दावा किया कि अगर उनकी पार्टी जीती तो शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में व्यापक स्तर पर सुधार होगा और टैक्स के गैर जरूरी बोझ में कमी लाने के लिए गंभीरता से काम किया जाएगा। इस मौके पर आप के रुहेलखंड प्रांत के उपाध्यक्ष राशिद सैफी, जिला अध्यक्ष नजरुद्दीन मलिक, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.एपी सिंह समेत आप के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।




इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086


इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

संपादकीय Editorial

# Returning monsoon

The National Capital Region has witnessed incessant rains for the first time this season. While there is happiness due to this, on the other hand, due to waterlogging, life has also been disturbed. It is raining more or less continuously and the same pattern is expected for the next two days. From road to air traffic has been affected, some government offices have also become a problem due to waterlogging. Schools have been closed for children up to class VIII. People are being directed to walk on other roads except the roads which are waterlogged. Keep in mind, two very sad accidents have happened in Uttar Pradesh within the last ten days due to excessive rain. The wall collapsed in Lucknow, in which nine people died, while in Noida, four died due to the wall collapse. In Uttar Pradesh itself, the rains have taken more than twenty people to the cheeks of Kaal. This monsoon rain is giving stress, so western disturbances are being blamed for it. Normally the monsoon departs from the national capital on September 25, but this time it will be somewhat delayed. Taking precautions, the Meteorological Department has issued a yellow alert. Apart from Delhi, the complaint of waterlogging is serious in earning areas like Gurugram and Noida. Sadly, we are avoiding a permanent solution by treating rain as a problem for a few days. All the efforts that should be made to save the cities from rain-related problems are not being done. Of course, our big cities are under pressure many times more than their capacity, but people should not be left on their own with their problems. Keep in mind, the risk of seasonal diseases has increased. Dengue cases are expected to rise in the coming weeks amid heavy rains. People have been advised not to allow water logging around and wear body coverings. Keep in mind, the national capital alone has reported 396 dengue cases so far this year. Till September 17, a total of 152 dengue cases have been registered in this month itself. Means caution is the need of the hour. Rain has raised immediate concern, but in reality states like Delhi, Uttar Pradesh, Jharkhand are facing overall rain deficit. Delhi may have received 192 per cent more rain than normal last week, but Delhi has received 28 per cent less rainfall throughout the season. Uttar Pradesh and Bihar have received 31 per cent less rainfall than normal, while Jharkhand has received 20 per cent less rainfall. The rains now are a consolation or a relief, but what has been left for the entire season may not be overcome. Madhya Pradesh, Rajasthan, Gujarat and the southern states have been very fortunate this year, with excessive rainfall. Himachal Pradesh, Uttarakhand and Haryana have also received decent rainfall. More worrying is about Punjab, however, that it will get enough water for agriculture through canals. By the way, a decrease of four percent has been estimated in paddy production in the country this year. However, more worry is about the haphazardly settled big cities, which will be troubled by rain for a few days and will also face the stress of water scarcity for eight months.

## Nude photoshoot of Aamir Khan's son-in-law went viral, gave bold poses more than Ranveer Singh




Bollywood's Mr. Perfectionist superstar Aamir Khan's daughter Ayra Khan is in a lot of headlines at the moment. Aira has been proposed for marriage by kissing her boyfriend Nupur Shikre in front of everyone. During this video, there is a lot of discussion on social media. In the video, Aira herself was also surprised to see the way Nupur proposed her while sitting on her knees and wearing a ring. He had no idea that Nupur would propose to her in such a packed gathering. Nupur is a celebrity fitness trainer by profession. He also gives fitness training to Sushmita Sen along with Aamir Khan. Both Nupur and Aira were dating each other since the year 2020. One more thing you don't know about Aamir's future son-in-law. It is that he has done a nude photoshoot, about which he has now come into the limelight. Amir's future son-in-law has done nude photoshoot- Actually, Nupur Shikre got a nude photoshoot done three years ago. This photoshoot of her may not have come in so much discussion at that time, but after joining the relationship with Aamir's daughter, it is now in a lot of headlines. These pictures are bold in the same way as Ranveer Singh's nude photoshoot was recently. Although Ranveer remained in a lot of controversies regarding this. At the same time, he was seen getting caught in legal things. You will be surprised to know that Nupur Shikhar did a nude photoshoot in the year 2019. At the same time, it would not be wrong to say that he also went four steps ahead of Ranveer. Nupur Shikre Background-

Let us tell you that Nupur Shikre was born on October 17, 1985 in Pune. After completing her schooling from SD Kataria High School, Nupur completed her graduation from RA Podar College of Commerce and Economics. Nupur is a celebrity fitness trainer. He is also known as a fitness trainer and consultant. Nupur has been training Aira for a long time.

## Neha Kakkar getting trolled for the remix of 'Maine Payal Hai Chhankai', now Falguni Pathak also got angry

Singer Neha Kakkar's remix song keeps on coming every day. Recently he sang the remix version of the iconic 90s song Maine Payal Hai Chhankai. Apart from Neha Kakkar, Priyank Sharma and Dhanshree Verma are in its video. The remix version of the song came under the target of users on social media and everyone started calling her good and bad. Now Falguni Pathak has expressed displeasure by posting. Falguni Pathak shared the screenshot – This is not the first time that Neha has been trolled for a remix song. He sang many old songs in the past, after which he was criticized a lot. Falguni Pathak sang the original song of Maine Payal Hai Chhankai He expressed his reaction to the remix. Users furious at Neha - Falguni shared screenshots of many other users on her Insta story. One user wrote for Neha, 'Instead of earning money from what they already have, they should have used their mind and art to create original content.' Another user wrote, 'Our childhood. Memories are being wasted like this.' Another user commented, which Falguni shared, 'Stop this sin. Please someone ban this autotute singer and his remix.' A fan asked Falguni to sue Neha. Trends in support of Falguni - Users on social media started trending #IStandWithFalguniBen in support of Falguni. A user said, 'Yeh saare fusad ki jaad t series hai'. left.'



आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# लोकल उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए 'एक जनपद एक उत्पाद' प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती - जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के मार्गदर्शन में व मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह के निर्देशन में वोकल फॉर लोकल के माध्यम से जिला स्तर पर लोगों को स्थानीय उत्पादों और व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए 'एक जनपद एक उत्पाद' प्रदर्शनी का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टाल का जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक कुंवर पंकज ने एक-एक स्टाल का अवलोकन कर गहनता से जायजा लिया। आयोजित प्रदर्शनी का प्रदेश उपाध्यक्ष/पूर्व सांसद पद्मसेन चौधरी,जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम एवं विधायक प्रतिनिधि अवधेश पाण्डेय ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने प्रत्येक स्टाल पर जाकर उत्पादों को देखा तथा उसकी सराहना किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में जनपद वासियों से अपील किया कि प्रदर्शनी में पहुंचकर अपने जनपद के उत्पाद फर्नीचर, खिलौने को खरीदकर जनपद के उत्पाद को प्रोत्साहित करें। उन्होने कहा कि इस जनपद में 'एक जनपद एक उत्पाद' के तहत फर्नीचर उद्योग एवं ट्राइवल क्राफ्ट वुडेन फर्नीचर को बढावा दिया जा रहा है। जिससे निश्चित ही इससे लोगों को लाभ मिलेगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बढावा देना है। उन्होने बताया कि जिले में महत्वपूर्ण उत्पाद जैसे-फर्नीचर उद्योग एवं ट्रेवल क्राफ्ट फर्नीचर बनायी जाती है, इनकी बिक्री बढ़ेगी तो निश्चित ही इन उत्पाद बनाने वालों को लाभ मिलेगा और वह आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनेंगे। उन्होने सभी जनपद वासियों से स्वदेशी उत्पाद को अपनाने हेतु अपील भी की।विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 'एक जनपद एक उत्पाद' योजना के तहत उद्यमियों को बैंक के ऋण, अनुदान, विद्युत एवं अन्य विभागीय सुविधाएं उपलब्ध करायी जाती है। जिनके द्वारा कलात्मक एवं घरेलू उपयोग के फर्नीचर बनाये जाते है। इसमें कुर्सी, मेज, बेड, सोफा, सिंगारदान, डायनिंग टेबुल, खिड़की, दरवाले बनाये जाते है। उन्होने कहा कि इस जनपद के विकास खण्ड सिरसिया में थारू जनजाति द्वारा भी विशेष प्रकार के उत्पाद बनाये जाते है, जिससे जनपद को एक नई पहचान मिली है। इस प्रदर्शनी के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सहायक आयुक्त उद्योग अरविन्द कुमार भास्कर ने बताया कि यह प्रदर्शनी 25 सितम्बर, 2022 तक तथागत हाल में लगी रहेंगी। उन्होने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष शंकर दयाल पाण्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय कैराती, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रमन सिंह, महामंत्री दिवाकर शुक्ला, विनय कुमार तिवारी, उपजिलाधिकारी रोहित, सदभावना समिति के अध्यक्ष योगेन्द्र मणि त्रिपाठी, उद्योग व्यापार के जिलाध्यक्ष दीनानाथ गुप्ता, पदाधिकारीगण क्रमशः अजय वर्मा, प्रहलाद शुक्ला, दिनेश सिंह, विनोद साहू, दूधनाथ शुक्ला, राकेश सिंह, मंटू यादव, दिनेश आर्या, नेकराम पाण्डेय, चन्द्र कुमार मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में आज 135 मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराया

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



वाराणसी- जीवन में परोपकार का बहुत महत्व है। समाज में परोपकार से बढकर कोई धर्म नहीं होता । ईश्वर ने प्रकृति की रचना इस तरह से की है कि आज तक परोपकार उसके मूल में ही काम कर रही है। परोपकार प्रकृति के कण-कण में समाया हुआ है। जिस तरह से वृक्ष कभी भी अपना फल नहीं खाता है, नदी अपना पानी नहीं पीती है, सूर्य हमें रोशनी देकर चला जाता है। परोपकार एक उत्तम आदर्श का प्रतीक है। पर पीड़ा के समान कुछ भी का अधम एवं निष्कृष्ट नहीं है ये बातें कही श्री चन्द्रशेखर शाहनी ने, अवसर था मातृभूमि सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में आर.के नेत्रालय द्वारा नियमित रूप से आयोजित होने वाले नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के आयोजन का। शिविर में प्रमुख रूप से सुमंत कुमार मौर्य, सत्यानंद रस्तोगी,सुबाष विश्वकर्मा, रिंकू विश्वकर्मा, मिट्ठू बाबा, नरेन्द्र भूषण तिवारी ,चन्दन सिंह, राजेश सिंह, विपिन इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# काली मंदिर पर दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने को लेकर प्रशासन ने अपनाया बड़ा रुख

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - ज्ञातव्य हो कि थाना मल्हीपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत रानीसीर बहराईच जमुनहा मार्ग बेगमपुर के पास गावट स्थान व काली मंदिर पर हिन्दू पक्ष के लोग दुर्गा प्रतिमा को रख कर पूजा पाठ भी किया । उसके बाद बरसात होने के कारण अपने घर को चले गए । सुबह जब मन्दिर पर पूजा अर्चना करने पहुँचे तो देखा कि माँ दुर्गा की प्रतिमा गायब है और वहाँ पर पुलिस बल तैनात है , जिसकी जानकारी हिन्दू पक्ष ने लिया तो पता चला कि मल्हीपुर पुलिस व उपजिलाधिकारी जमुनहा , तहसीलदार जमुनहा , अपर पुलिस अधीक्षक , क्षेत्राधिकारी जमुनहा मौके पर पहुँच कर रात को उपरोक्त अधिकारी गणों ने माँ दुर्गा की प्रतिमा को लेकर चले गए । और हिन्दू पक्ष से 39 लोगो को पाबंद किया गया । तथा विशेष समुदाय से 67 लोगो को पाबंद किया गया है । ग्रामीणों का कहना है कि कई वर्षो से गावट माता काली मंदिर पर वर्षो से पूजा अर्चना होते हुए चली आ रही है जबकि विगत वर्ष में माँ दुर्गा प्रतिमा की मूर्ति स्थापित कर पूजा पाठ भी किया गया है , हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रामीणों ने नवरात्र पर्व से पहले ही माँ गांवट काली मंदिर पर शुक्रवार शाम को माँ श्री दुर्गा जी की मुर्ति रखकर पूजा अर्चना शुरू कर दिया। सीओ भिनगा अतुल चौबे ने बताया कि हम रहे य न रहे शासन का जो निर्देश है कि नये परंपरा के तौर पर कोई भी प्रतिमा स्थापित नही की जाये तो हम नही रखने देंगे।

# रेलिंग को तोड़ते हुए सरयू नहर पर लटका ट्रक कोई हताहत नहीं

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती -डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंच कर जायजा लिया इकौना श्रावस्ती नेशनल हाईवे 730 पर देर रात एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया।

एक अनियंत्रित ट्रक पुलिस की रेलिंग तोड़कर लटक गया। चालक की सूझ-बूझ से ट्रक सरयू नहर में गिरते- गिरते बच गया। आपको बता दें कि इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर बनकट स्थित सरयू नहर पुल पर गुरुवार देर रात एक ट्रक अनियंत्रित हो गया। ट्रक अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए उस पर चढ़ गया। लेकिन चालक ने सूझ बूझ दिखाते हुए ट्रक को नियंत्रित कर लिया और ट्रक नहर में गिरने से बच गया। बस्ती जनपद में माल गिराकर एक ट्रक बलरामपुर बहराइच नेशनल हाईवे से होकर बहराइच की ओर जा रहा था। पुल पर पहुंचते ही विपरीत दिशा से आ रहे दूसरे ट्रक ने कट मार दिया। जिसे बचाने के चक्कर में चालक ने एकाएक स्टेयरिंग मोड़ दिया। इससे ट्रक अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग को तोड़ते हुए रेलिंग पर जाकर आगे का हिस्सा लटक गया। जिससे ट्रक सरयू नहर में गिरते गिरते बच गया और चालक व परिचालक सहित सभी सुरक्षित रहे। घटना की जानकारी मिलते ही डयल 112 पुलिस मौके पर पहुंच कर जायजा लिया।

# मिशन शक्ति महिलाओं व बालिकाओं के साथ साथ महिला पुलिस बल के लिए भी एक आंतरिक बल- एडीसीपी ममता रानी

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



वाराणसी-युवा एडीसीपी महिला अपराध ममता रानी के द्वारा उनके अधिनस्त कर्मचारियों का उनके कार्यो के प्रति लगातार हौसला बढ़ाया जा रहा है जिससे वो और बेहतर कार्य कर सके इस संदर्भ में एडीसीपी ममता रानी ने बताया कि सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यह नई सोच एवं उनके सकारात्मक पहल का ही परिणाम है कि आज महिला पुलिस बल केवल थानों अथवा महिला हेल्प डेस्क तक ही सीमित नहीं है अपितु अपने अपने बिट/ क्षेत्र में जा करके खुद को भी सशक्त महसूस कर पा रही हैं।तथा उनके अंदर भी आत्म सम्मान आत्म विश्वास बढ़ा है।निश्चित तौर पर मिशन शक्ति महिलाओं व बालिकाओं के साथ साथ हमारी महिला पुलिस बल के लिए भी एक आंतरिक बल है। जो समाज और क़ानून का पालन कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका एवं गुरुतर दायित्व को निभाने के लिए प्रेरणादायी शक्ति है। जिससे आने वाले समय में सकारात्मक परिणाम प्रदर्शित होंगे।

# पत्नी से विवाद के बाद पति ने नहर में लगाई छलांग, बचाने दामाद भी कूदा, एक को बचाया दूसरे का सुराग नहीं

छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में सास से नाराज ससुर को आत्महत्या करने से बचाने दामाद ने नहर में छलांग लगा दी। हालांकि आसपास के लोगों ने जैसे-तैसे दामाद को तो बाहर निकाल लिया, लेकिन नहर के तेज बहाव में ससुर बह गया। ससुर का अब तक कोई पता नहीं चल सका है। नहर में पानी ज्यादा होने और तेज बहाव के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में देर हो रही है। 24 घंटे बाद भी ससुर का पता नहीं चल पाया है। पुलिस दामाद से पूछताछ की है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के सीतामढ़ी में निवासी होरीदास के घर उसका दामाद धरमदास पोखरी पारा से आया हुआ था। दोनों रिश्ते में तो ससुर-दामाद थे, लेकिन दोनों के बीच काफी दोस्ताना संबंध था। दोनों एक साथ बैठकर शराब भी पीते थे। शुक्रवार सुबह से होरीदास अपने दामाद के साथ बैठकर शराब पी रहा था। सुबह से शाम हो गई, लेकिन दोनों शराब लेकर बैठे ही रहे। इसके बाद धरमदास की सास वहां आई और अपने पति होरीदास के साथ उसका शराब को लेकर कुछ विवाद हो गया।



## ससुर की पीछे-पीछे गया दामाद

शाम में होरीदास अचानक अपने दामाद से कहने लगा कि अब उसका जीने का मन नहीं करता है। इसके बाद वो घर से बाहर निकल गया और नहर के पास चला गया। पीछे-पीछे दामाद भी किसी अनहोनी की आशंका से गया। इधर जब तक दामाद धरमदास को कुछ समझ पाता तब तक ससुर होरीदास ने उफनते नहर में छलांग लगा दी। वो लोगों से मदद के लिए चिल्लाता भी रहा। कुछ ग्रामीणों ने नहर में कूदकर दामाद धरमदास की जान तो बचा ली, लेकिन ससुर तेज बहाव में दूर तक बह गया। घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी गई।

## हसदेव नदी से छोड़ा जा रहा पानी

कोतवाली थाना प्रभारी रूपक शर्मा ने बताया कि नहर में गोताखोरों के उतारा गया है। होरीदास की तलाश की जा रही है। वहीं उसने आत्महत्या की कोशिश क्यों की, इसके लिए परिजनों से भी पूछताछ जारी है। पुलिस ने दामाद का बयान भी दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी बताया कि होरीदास की बेटी और दामाद पोखरी पारा में रहते हैं। वहां से दामाद अपने ससुराल आया हुआ था। लगातार बारिश के कारण हसदेव नदी का जलस्तर बढ़ गया है, जिसके कारण शाखा नहर में पानी छोड़ा गया है। फिलहाल नहर लबालब है और यहां बहुत तेज बहाव है, जिसके कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में देर हो रही है

# मेरठ में धार्मिक यात्रा के दौरान दो समुदाय के लोगों में तनाव, निकल आईं तलवारें



मेरठ में धार्मिक यात्रा के दौरान गुरुवार रात दो पक्षों में भिड़ंत हो गई। बीच सड़क पर जमकर बखेड़ा हुआ और तलवार तक निकल आई। मारपीट में एक युवक घायल हो गया। पुलिस मौके पर पहुंची और दो युवकों को थाने ले आई। शुक्रवार को कई घंटे हिंदू संगठन के पदाधिकारियों का थाने में जमावड़ा रहा। घंटों की गहमागहमी के बीच बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। पुलिस के अनुसार, गुरुवार रात सूरजकुंड क्षेत्र से धार्मिक यात्रा निकली। यात्रा में काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा हिंदू संगठन के कार्यकर्ता शामिल थे। यात्रा कई प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। नौचंदी क्षेत्र में झांकी को लेकर एक तरफ से भाजपा कार्यकर्ता और दूसरी तरफ से हिंदू संगठन कार्यकर्ता आमने सामने आ गए। नोंकझोक के बीच दोनों पक्ष बीच सड़क पर भिड़ गए। आरोप है कि एक पक्ष ने तलवार तक निकाल ली।

मारपीट में एक युवक सिर में चोट लगने से घायल हो गया। हंगामे की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद नौचंदी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दो युवकों को हिरासत में ले लिया। हिंदू संगठन कार्यकर्ताओं के पुलिस हिरासत में होने की सूचना मिलते ही थाने में भीड़ जुटनी शुरू हो गई। बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। इंस्पेक्टर का कहना है कि आपसी विवाद हुआ था, जिसमें समझौता हो गया। तलवार जैसी बात सामने नहीं आई है।

# बाइक पर लड़कियों का वीडियो बनाकर यूट्यूब पर अपलोड करने वाले को पुलिस ने जेल में डाउनलोड किया




उत्तर प्रदेश के बिजनौर में लड़कियों और महिलाओं का वीडियो अपलोड करना एक शख्स को भारी पड़ गया। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ये मामला जिले के नजीबाबाद थाना क्षेत्र का है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक सड़क पर जा रही छात्राओं और महिलाओं का वीडियो बनाता है। फिर इसे अपने सोशल मीडिया एकाउंट यू-ट्यूब पर अपलोड कर देता है। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि युवक ने यू-ट्यूब पर लक्की यूपी राइडर के नाम से अकाउंट बनाई है।

जिसमें वह मोटरसाइकिल पर जा रही महिलाओं और लड़कियों का वीडियो बना लेता था। इसके बाद वह इन वीडियो के बैकग्राउंड में फिल्मी गाने या डायलॉग लगाकर अपलोड कर देता था। सोशल मीडिया सेल ने वायरल वीडियो की पड़ताल की तो पता चला कि यू-ट्यूब अकाउंट लक्की पंडित नाम के युवक का है जो नजीबाबाद के रवापुरी कस्बा साहनपुर का रहने वाला है। पुलिस ने लक्की पंडित के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। वही युवक को नजीबाबाद बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस को मौके से मोबाइल फोन बरामद हुआ। लाइक्स और कमेंट्स के लिए करता था ऐसा- युवक ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह ऐसा ज्यादा लाइक्स और कमेंट्स पाने के लिए किया करता था। वह बाजार आती जाती महिलाओं का वीडियो बनाकर फिल्मी गाने जोड़कर उसे यू-ट्यूब पर अपलोड कर देता था।

# ऑनलाइन जुआ-सट्टा पर CM भूपेश सख्त, DGP से बोले- कड़े नियम-कानून बनाओ, नहीं होना चाहिए यह कारोबार

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जुआ-सट्टा के ऑनलाइन कारोबार पर सख्त तेवर दिखाए हैं। सीएम ने शनिवार को डीजीपी अशोक जुनेजा को प्रदेश में जुआ-सट्टा के सभी प्लेटफॉर्मों पर रोक लगाने कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक बुराई को रोकने कानून-प्रक्रिया बनाना है तो पुलिस महानिदेशक उसका भी प्रारूप पेश करें। दरअसल राजधानी रायपुर सहित दुर्ग-भिलाई में बड़ा सट्टे के बड़े कारोबार का खुलासा हो चुका है और कई लोग बर्बाद हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ सरकार जुआ और ऑनलाइन सट्टे को लेकर सख्त है। इस पर अंकुश लगाने स्पष्ट निर्देश भी दिए गए हैं। राज्य की पुलिस जुआ और सट्टा को रोकने लगातार कार्रवाई भी कर रही है। रायपुर, दुर्ग-भिलाई व राजनांदगांव में करोड़ों के मामले भी फूट चुके हैं। कार्रवाई से बचने अवैध कारोबार में शामिल लोग नई टेक्नलॉजी का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस सट्टे का पूरा



नेटवर्क ऑनलाइन चलता है। बुकी और उसके साथी कभी सीधे कॉल नहीं करते। उनकी बात इंटरनेट कॉल पर ही होती है। ऑनलाइन चलने वाला यह अवैध कारोबार प्रदेश में लगातार बढ़ता जा रहा है।

## ऑनलाइन सट्टे में कई परिवार तबाह हो चुके

ऑनलाइन संचालित हो रहे जुआ और सट्टा पर कोई विधिक प्रावधान और स्पष्ट कार्रवाई की प्रकिया नहीं होने से इस पर प्रभावी रोक नहीं लगाई जा सकी है। जुआ और सट्टा पर प्रभावी रोक लगाने सीएम भूपेश बघेल ने आवश्यक विधिक प्रावधानों और प्रक्रियाओं का प्रारूप जल्द तैयार करने के निर्देश दिए हैं। ऑनलाइन सट्टे की वजह से कई परिवार तबाह हो चुके हैं। कई लोग आत्महत्या भी कर चुके हैं। पुलिस इन मामलों की लगातार जांच भी करती रही है।